


# कलश यात्रा में चोरी करने वाली 6 महिला चोरों को पकड़ा

**पुलिस ने कब्जे से 05 सोने की चैन, 02 मंगलसूत्र और 01 सोने का पेंडल कीमत 15 लाख को किया बरामद**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 नवम्बर।** बागेश्वर धाम कथा में शामिल श्रद्धालुओं की आस्था को झकझोर देने वाली घटना में कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। कलश यात्रा के दौरान भीड़ और धक्का-मुक्की का लाभ उठाकर महिलाओं के गले से सोने की चैन व मंगलसूत्र चोरी करने वाली 6 शातिर महिला चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा उनके कब्जे से 05 सोने की चैन, 02 मंगलसूत्र और 01 सोने का पेंडल कुल कीमत लगभग 15 लाख बरामद किया गया।

फरियादिया नीलम पति मनोज शर्मा (42 वर्ष) निवासी नवाब साहब रोड तथा फरियादिया जानकी भार्गव (71 वर्ष) निवासी श्रीराम कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे बागेश्वर धाम की कलश यात्रा में शामिल थीं, जहां राजेश्वरी मंदिर परिसर में अज्ञात महिलाओं ने भीड़भाड़ का फायदा उठाकर उनके गले से सोने के जेवर चोरी कर लिए। इस गंभीर घटना पर तत्काल अप. क्र. 726/25 एवं 727/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज और मुखबिर तंत्र की सहायता से पतारसी करते हुए 25 नवंबर को कथा स्थल हवाई पट्टी पर 5-6 संदिग्ध महिलाओं को पकड़कर पूछताछ की। पहले तो महिलाओं ने अपना नाम-पता बदलकर बताया तथा भाषा भी स्थानीय न होने से संदेह गहराया। सख्त पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे आजमगढ़, मऊ व बनारस (उ.प्र.) की निवासी हैं और कथा की भीड़ में जेवर चोरी करने की योजना बनाकर 23 नवम्बर को शिवपुरी आई थीं। लाल-पीली साड़ियां पहनकर कलश यात्रा में शामिल हुईं और भीड़ में महिलाओं को घेरकर चैन व मंगलसूत्र काटकर आपस में बांट लेती थीं। गिरफ्तार महिलाएं जिनमें 1. पूजा पत्नी जैकी कुमार (22 वर्ष), निवासी अंधेही थाना जहानागंज, आजमगढ़ (उ.प्र.) 2. मुस्कान पत्नी अरुण कुमार (31 वर्ष), निवासी अंधेही, आजमगढ़; हाल इंदारा, मऊ (उ.प्र.)3. आरती पत्नी आलोप कुमार (20 वर्ष), निवासी बरामदपुर थाना मोहम्मदाबाद, मऊ (उ.प्र.) 4. लक्ष्मी देवी पत्नी आकाश कुमार, निवासी मऊहार थाना कोपागंज, मऊ (उ.प्र.); मायका चंदेली, बनारस 5. माधुरी पत्नी सन्नी उर्फ जोगी कुमार (23 वर्ष), निवासी निजामपुर थाना अहरोला, आजमगढ़ (उ.प्र.) 6. करीना पत्नी सचिन कुमार (19 वर्ष), निवासी सुल्तानीपुर थाना चिरैयाकोट, मऊ (उ.प्र.) शामिल हैं। इस कार्यवाही में टीआई कृपाल सिंह राठौड़, उनि सुमित शर्मा, उनि पूजा घुरैया, उनि रामेंद्र चौहान (थाना प्रभारी दिनारा), प्र.आर. 797 संतोष बैस, मनीष पचौरी, मोनिका सिंह, पूजा रावत, सीतू, अंकित शर्मा शामिल हैं।

## खेलों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : सांसद कुशवाह

**सांसद भारत सिंह ने किया पोहरी में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ**



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 28 नवम्बर।** पोहरी के एलएसजीके महाविद्यालय के खेल प्रांगण में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सांसद भारत सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांसद कुशवाह ने कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, टॉस कराया और क्रिकेट खेलकर प्रतिभागियों का उत्साह भी बढ़ाया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत दांतरे, मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमिनी, एसडीएम पोहरी अनुपम शर्मा, विधानसभा संयोजक विक्की मंगल, जिला महामंत्री पृथ्वीराज सिंह जादौन, बीआरसीसी शिवचरण लाल जाटव, बीईओ अवधेश सिंह तोमर सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सांसद कुशवाह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के तहत यहां का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इंसान की नीयत अच्छी हो तो नीति भी अच्छी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना बहुत आवश्यक है, मेरी कामना है कि खेलों में हिस्सा लेने वाले बेटा-बेटी पोहरी ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश का नाम रोशन करें। शिक्षा के साथ खेलों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल महोत्सव एक सशक्त मंच है। खेल भावना और अनुशासन के माध्यम से छात्र-छात्राएं न केवल अपना बल्कि प्रदेश और देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

### 23 ग्राम स्मैक सहित आरोपी एवं दो विधि विरुद्ध बालक गिरफ्तार

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में चल रहे अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना अमोला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 23 ग्राम अवैध स्मैक जिसकी कीमत लगभग 4,60,000, एक मोटर साइकिल 1,40,000, एवं दो मोबाइल 53,000 सहित कुल 6,53,000 के मशरुका जब्त कर आरोपी अजय उर्फ छोटू जाटव एवं दो विधि विरुद्ध बालकों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अमोला उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भुनिया होटल तिराहा से सिरसौद जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिया के पास मोटर साइकिल एमपी 33 जेएड जे 9859 से अवैध स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है।

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 61 मरीजों का परीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 नवम्बर।** स्टेप टू ग्रोथ फाउंडेशन समाजसेवी संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग शिवपुरी के सहयोग से विकासखंड कोलारस के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पड़ोदा व खरई में बुधवार 26 नवंबर को प्रात: 10.30 से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 61 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें 23 महिलाएं, 15 पुरुष एवं 23 बच्चे शामिल रहे। 25 मरीजों की लेव जांच की गई, 8 बच्चों को टीकाकरण किया गया तथा 15 बच्चों को विटामिन ड्रॉप्स पिलाई गई। चिकित्सक दल में डॉ. इंदु जैन (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शशि शाक्य (दंत रोग चिकित्सक), डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव (जनरल फिजीशियन) एवं डॉ. निलेश महदेले ने मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां प्रदान कराई। शिविर में श्रीमती प्रज्ञा भारती (नर्सिंग ऑफिसर), श्रीमती बबीता नरवरिया, महेश जाटव (एल.टी.) एवं श्रीमती रामदेवी ने सहयोग किया। संविधान दिवस के अवसर पर शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत पड़ोदा के सरपंच राम सिंह राजावत एवं फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिविर के संचालन में स्टेप टू ग्रोथ फाउंडेशन के साहिल खान (अध्यक्ष), डॉ. भूपेन्द्र शर्मा विकल (सलाहकार), शिवनारायण अग्रवाल (सचिव), रिया यादव (उपाध्यक्ष), मनोज उपाध्याय (महासचिव), सूफी संत समीर बाबा, प्रमोद पुरोहित (महासचिव), ब्रजेश अग्निहोत्री (जिला अध्यक्ष शिवपुरी), अंकित गुप्ता (सहसचिव), दीपक श्रीवास्तव (अध्यक्ष जिला दतिया), आबाद वारसी, सुमित श्रीवास्तव (मीडिया प्रभारी), चेतन बाथम, निखिल श्रीवास्तव, चेतन दास सुखानी (दतिया), राम सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## दीदियों के लिए स्थाई आजीविका का नया प्रयोग

**मनरेगा से जुड़ी 'एक बगिया मां के नाम' उद्यानिकी परियोजना को मिली नई गति**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 नवम्बर।** शिवपुरी जिले में महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने हेतु मनरेगा के माध्यम से ''एक बगिया मां के नाम'' परियोजना को नई दिशा दी जा रही है। जिला पंचायत कार्यालय में गतदिवस आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज ने जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, सभी सहायक यंत्री जनपद पंचायतों, ब्लॉक प्रबंधकों एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों के साथ परियोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान जिले को शासन से प्राप्त कुल 800 उद्यानिकी परियोजनाएं, जिनमें से प्रत्येक विकासखंड हेतु 100-100 परियोजनाओं का लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत आजीविका मिशन से जुड़ी हुई स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनकी निजी सिंचाई सुविधा युक्त भूमि जिस पर उद्यानिकी प्रजाती के 100 पौधे रोपण एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत 3 वर्ष की परियोजना स्वीकृत की जा रही है। इस परियोजना में हितग्राहियों को उनको अपनी ही भूमि पर मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस के रोजगार के साथ-साथ बगिया से होने वाली स्थिर आय का साधन उपलब्ध होगा। बगिया में पौधों की सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग का प्रावधान है जिसका भुगतान भी मनरेगा से किया जाएगा पौधों का चयन हितग्राही द्वारा स्वयं किया जाकर सामग्री तथा मजदूरी का भुगतान हितग्राही के खाते में ही किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन से दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध कार्य स्वीकृति की शत प्रतिशत पूर्ति 30 नवंबर 2025 तक पूर्ण कर 05 दिसंबर तक सभी कार्य प्रारंभ कर लिए जाए तथा ऐसे अच्छे हितग्राही जिन्होनें परियोजना स्वीकृत कराकर गड्ढे खोद लिए हैं उनका पौधा रोपण एवं फेंसिंग 30 जनवरी तक पूर्ण करा ली जाए। कार्यक्रम में 31 मार्च 2026 की स्थिति में जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले व जनपदों को शासन स्तर से पुरस्कृत किया जाएगा।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, जहरीली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अवैध शराब कारोबार पर जिला प्रशासन का सख्त रुख, दो धाराओं में दर्ज हुआ प्रकरण**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 नवम्बर।** जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा 28 नवम्बर को वृत्त पिछोर में निर्णायक कार्रवाई की गई। कलेक्टर रविन्द्र चौधरी तथा उपायुक्त आबकारी (संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर) संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।

वृत्त प्रभारी लोकेश बेवारिया द्वारा पिछोर क्षेत्र के नया चौराहा सेजवाया रोड स्थित महुअर नदी किनारे दबिश दी गई, जहां से 15 लीटर जहरीली हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। मौके से शेजवती कंजर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 49क के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी डॉ. तीर्थराज भारद्वाज, आबकारी उपनिरीक्षक गौरव कोल, राहुल गुप्ता, आरक्षक गिरराज, सतीश, डोंगर सिंह तथा सैनिक अनिल, रवि एवं सुमन की सक्रिय भूमिका रही।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध एवं जहरीली शराब के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि जनहित में त्वरित कार्यवाही संभव हो सके। जहर बन चुकी शराब के खिलाफ यह कार्रवाई ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अवैध कारोबार पर प्रशासन की सतर्कता को दर्शाती है।

### महाराष्ट्र की मतदाता सूची भी ऑनलाइन उपलब्ध

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के महाराष्ट्र से सटे जिलों के मतदाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध करा दी गई है. पहले महाराष्ट्र की पिछली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर मतदाता सूची ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होने के कारण, हमारे राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के मतदाता अपने एन्यूमरेशन फॉर्म / गणना पत्रक में महाराष्ट्र के पिछले एसआईआर से संबंधित विवरण सही तरीके से दर्ज नहीं कर पा रहे थे. अब महाराष्ट्र की यह पिछली एसआईआर मतदाता सूची ऑनलाइन कर दी गई है, जिससे सीमावर्ती जिलों के मतदाताओं के लिए जानकारी तक पहुंच आसान हो गई है. विशेष रूप से यह पूरी जानकारी अब बीएलओ ऐप पर भी उपलब्ध करा दी गई है.

## अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 नवम्बर।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार चल रहे अभियान के तहत खनिज विभाग ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन ओवरलोड डम्पर जब्त किए हैं। खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रभारी खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास व उनकी टीम द्वारा करैरा क्षेत्र में निरीक्षण एवं चेकिंग की गई। झांसी मार्ग पर शिवपुरी की ओर आते हुए दो डम्पर हाईवा वाहन एम-सैण्ड खनिज का ओवरलोड परिवहन करते हुए पकड़े गए। जांच के बाद एक डम्पर को थाना अमोला तथा दूसरे को थाना सुरवाया की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। इसी तरह तहसील बदरवास के ग्राम लुकवासा क्षेत्र में एक अन्य डम्पर वाहन गिट्टी से ओवरलोड पाया गया। इसे जप्त कर थाना लुकवासा में सुरक्षित रखा गया है।

जप्त तीनों वाहनों में ई-टीपी के अनुरूप से अधिक मात्रा में खनिज परिवहन पाया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इन मामलों में खनिज अधिनियम एवं नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध परिवहन के प्रकरण पंजीबद्ध कर अर्थदंड निर्धारण हेतु कलेक्टर न्यायालय, शिवपुरी को भेजे गए हैं।

### सुशासन है सरकार की पहचान : सीएम

मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के आज पुलिस के हत्थे चढ़ने के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुशासन सरकार की पहचान है और कोई भी अगर कानून को अपने हाथों में लेगा तो सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। गौहरगंज से जुड़े इस मामले के संदर्भ में सीएम ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि पुलिस इस मामले में आरोपी को छोड़ेगी नहीं। किसी भी स्तर की ढिलाई भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोई भी पात्र परिवार उज्ज्वला योजना से वंचित न रहे : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 नवम्बर।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के प्रभावी और लक्ष्यपूर्ण क्रियान्वयन के लिए जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी मोतीलाल अहिरवार सहित राजस्व, आदिम जाति कल्याण, खाद्य, ई-गवर्नेंस, एनआईसी के अधिकारी, ऑयल कंपनियों एवं समस्त गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चौधरी ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को सार्वजनिक स्थलों पर बैनर एवं पोस्टर लगवाने तथा नए गैस कनेक्शन हेतु आवश्यक फार्म हिन्दी में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त करते समय शासन द्वारा निर्धारित दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक एवं स्वयं का प्रमाणीकरण इत्यादि प्रस्तुत किए जाएं। किसी दस्तावेज की अनुपलब्धता के कारण किसी आवेदक का फार्म या ई-केवाईसी रोका न जाए।

कलेक्टर चौधरी ने कहा कि योजना के तहत सभी पात्र परिवारों की सूची तैयार करने के लिए संबंधित गैस एजेंसियों को अधिकृत किया जाए। ग्राम सचिवों को निर्देशित किया कि वे पात्र हितग्राहियों के भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित एजेंसियों को उपलब्ध कराएं। योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगी तथा उज्ज्वला 2.0 के शेष पात्र परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिले में वर्तमान में कुल 2,87,663 गैस कनेक्शनधारी हैं। तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर जिला आपूर्ति अधिकारी तथा ब्लॉक स्तर पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को अधिकृत किया गया है ताकि योजना की प्रगति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में बताया गया कि पात्र परिवार वे होंगे जिनकी परिवार की मासिक आय 10 हजार रुपये से अधिक न हो, वह व्यावसायिक करदाता न हो, आयकर न देता हो, परिवार में कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो, परिवार के पास शासकीय पंजीकृत गैर कृषि उद्यम न हो, परिवार के पास किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 50 हजार से अधिक न हो, सिंचाई के साधन के साथ सिंचित भूमि की धारिता 2.5 एकड़ से अधिक न हो, पांच एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि हो जिसमें दो या दो से अधिक मौसमी फसलें न लेता हो, एक सिंचाई साधन के साथ 7.5 एकड़ से कम भूमि धारण करता हो, किसी शासकीय योजना के तहत प्राप्त घर को छोड 30 स्क्वायर मीटर से अधिक कारपेट एरिया का घर न हो, परिवार पर 3/4 पहिये का वाहन न हो/ फिशिंग बोट न हो, परिवार के पास मैकेनाइज्ड 3/4 व्हीलर कृषि यंत्र न हों, परिवार में पूर्व से एल.पी.जी. गैस कनेक्शन नहीं है, वे आवेदन कर सकेंगे।

### अपूर्ण आवासों पर 7 दिवस में कार्य पूर्ण न करने पर होगी कार्यवाही

**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक के अंतर्गत नगर पालिका परिषद शिवपुरी द्वारा पात्र हितग्राहियों को कुल 2.50 लाख रुपए की राशि विभिन्न किश्तों में प्रदान की जाती है। योजना के तहत प्रथम किस्त भूमि की जियो टैगिंग उपरांत जारी की जाती है, जिसके पश्चात हितग्राही अपने आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ करते हैं। निर्माण की प्रगति के अनुसार आगामी किश्तें जियो टैग कर जारी की जाती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुरी इशांक धाकड़ ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय किश्त प्राप्त करने वाले कुल 182 हितग्राहियों द्वारा अब तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। वरिष्ठ कार्यालय की समीक्षा बैठक में इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई तथा निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य पूर्ण न करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध राजस्व वसूली एवं आवास समर्पण की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा सभी 182 हितग्राहियों को समय-समय पर फील्ड इंजीनियरों के माध्यम से निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए सूचित किया गया है। अब अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सात दिवस की अवधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस अवधि में कार्य पूर्ण न करने की स्थिति में संबंधित आवासों का समर्पण कर राजस्व वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिसके लिए संबंधित हितग्राही स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा किसी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी। संबंधित हितग्राहियों की सूची नगर पालिका कार्यालय (गांधी पार्क) के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है।

### एसआईआर में गलत जानकारी दी तो होगी दो साल कैद

**भोपाल, 28 नवंबर.** लोकतांत्रिक व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान दोहराया है.लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 31 और 32 के तहत यदि कोई व्यक्ति एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है. इस प्रावधान के अनुसार, दोषी पाए जाने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना दोनों हो सकते हैं. चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआई प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता द्वारा दी जाने वाली सभी सूचनाओं की सत्यता अनिवार्य है.

### ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का पालन करें पदाधिकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 28 नवंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रेडक्रॉस कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी से कहा कि संगठन के प्रशासनिक कार्यों में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्च मानदंडो का पालन करें.**

दीन- दुखी, वंचित और पीडि़ति मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है. इस पावन पथ पर चलने का जो सुअवसर मिला है, उसे अपने ज्ञान, कौशल और प्रयासों से रेडक्रॉस संगठन का गौरव बढ़ाए. मानव सेवा की पावन परम्परा में प्रदेश की रेडक्रॉस इकाई के कार्यों के नए आदर्श स्थापित करें. समाज के सबसे ज़रूरतमंद लोगों के जीवन में आशा, राहत और सुरक्षा का संबल बन. रेडक्रास के कार्यों को नई गति, नई दिशा और नए विस्तार के साथ आगे बढ़ाए. राज्यपाल पटेल शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की मध्यप्रदेश राज्य शाखा की नवगठित प्रबंध समिति एवं पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने नव नियुक्त चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, उप सभापति मनीष रावल और मानसेवी कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता को शपथ दिलायी.

### एक्सप्रेस ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव स्वीकृत

**भोपाल, 28 नवम्बर.** 73वीं चेटियागिरि विहार वर्षगांठ तथा पवित्र अवशेषों के दर्शन के उपलक्ष्य में सांची स्तूप परिसर में 29 और 30 नवम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो दिनों — 28.11.25 एवं 29.11.25 — तक सांची स्टेशन पर चार प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का दोनों दिशाओं में दो मिनट का अस्थायी ठहराव स्वीकृत किया है.

**विवाह उत्सव** सीएम के बेटे की शादी का आमंत्रण कार्ड बना मिसाल, माता पूजन से हुई शादी की शुरुआत

# राजधर्म के साथ मुख्यमंत्री ने निभाया पितृ धर्म



### 22 बेटियों का विवाह कर करेंगे पुण्य कर्म

**नवभारत न्यूज़**
**मध्य प्रदेश की सत्ता के सर्वोच्च शिखर पर पदस्थ होने के बावजूद भी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी सादगी - सरलता के साथ-साथ राजधर्म नहीं छोड़ा .**

जहां शुक्रवार को दिन भर सीएम भोपाल में सरकार चलाने में व्यस्त रहे, वहीं शाम को पुत्र विवाह के मद्देनजर उज्जैन पहुंचे, हालांकि वे माता पूजन में शामिल नहीं हो पाए, बावजूद राजधर्म के साथ-साथ मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पितृ धर्म भी निभाया. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने बेटे की शादी के जरिए समाज को सादगी और समानता का बड़ा संदेश दिया है. उनके छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव, 30 नवंबर 2025 को खरगोन निवासी डॉ. इशिता के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे. शुक्रवार की सुबह माता पूजन हुआ, शाम को दूल्हे के पिता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी आयोजन में शामिल हुए. यह विवाह किसी भव्य आयोजन की तरह नहीं, बल्कि उज्जैन के शिप्रा तट के पास आयोजित होने वाले एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पुत्र अभिमन्यु के साथ ही उनके साथ 22 अन्य जोड़े भी फेरे लेंगे. शादी के कार्यक्रमों की शुरुआत शुक्रवार को मुख्यमंत्री के गीता कॉलोनी स्थित निवास पर पारंपरिक माता पूजन से हुई. यह समारोह अत्यंत सरल और आत्मीय रहा, जिसमें केवल करीबी परिजन, पारिवारिक मित्र और स्थानीय भाजपा के कुछ प्रमुख नेता शामिल हुए . मुख्यमंत्री के बड़े बेटे वैभव यादव, बेटी डॉ. आकांक्षा यादव, बड़े भाई नारायण यादव और बहन कलावती यादव सहित सभी ने डीजे और ढोल की धुन पर जमकर नृत्य किया .

### बहन और बेटी तैयारी में जुटे

सीएम की बहन और नगर निगम सभापति, कलावती यादव ने कहा कि यह बाबा महाकाल की कृपा है कि घर में खुशियों का ऐसा सादगी भरा प्रसंग आया है .वहीं, बेटी डॉ. आकांक्षा यादव ने बताया कि उनके पिता मुख्यमंत्री डॉ यादव विवाह तक सभी कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे .प्रथम पूज्य भगवान चिंतामन को विवाह का प्रथम आमंत्रण देने के साथ ही सारी बाकी की तैयारी बड़ी बहन कलावती यादव ने की वहीं सीएम की बेटी डॉ आकांक्षा यादव ने मार्केट से लेकर पारिवारिक तैयारी में हाथ बंटाया .